## ब्रीफ खबरें

### ओडिशा पुलिस मोबाइल लेने किरीबुरु पहुंची

**किरीबुरु ।** ओडिशा के एक अधिकारी का खोया मोबाइल से संबंधित मामले को लेकर ओडिशा पुलिस किरीबुरु पहुंची. किरीबुरु पुलिस के सहयोग से बराईबुरु गांव से उक्त मोबाइल बरामद कर लौट गई. सूत्रों का कहना है कि जिस लड़के के पास से उक्त अधिकारी का खोया मोबाइल बरामद किया गया, उस लड़के ने पुलिस को बताया कि यह मोबाइल रास्ते में लावारिस हालत में गिरा पाया था. इसके बाद ओडिशा पुलिस ने युवक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करते हुये उससे मोबाइल ले ली.

### सरकार की योजना का लाभ लें ग्रामीण

**मनोहरपुर :** गुरुवार को मोहरपुर प्रखंड क्षेत्र के ढिपा पंचायत के स्कूल मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ बीडीओ सह सीओ शक्तिकुंज, मुखिया अशोक बंदा सहित अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी विभाग के संबधित योजनाओं के अलग अलग स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया.

### नई कमेटी का चौबे ग्रुप ने किया विरोध

**नोवामुंडी ।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक की कुछ लोगों ने मिलकर एक नई कमेटी का गठन किया गया है. नई कमेटी गठन होने के बाद बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के महामंत्री वीरेंद्र नाथ चौबे ग्रुप के पदाधिकारियों ने इसका पुरजोर विरोध किया है. ज्ञात हो कि में बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक दो ग्रुप में बंटा हुआ है. एक वीरेंद्र नाथ चौबे ग्रुप तथा दूसरा ददई दुबे ग्रुप है. इन्हीं दोनों ग्रुप से कटकर गुवा में एक वीरेंद्र नाथ चौबे ग्रुप से बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक की नई कमेटी का गठन किया गया.

### जिप सदस्य ने लोगों के बीच बांटे कंबल

**घाटशिला ।** जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री देवयानी मुर्मू ने गुरुवार को बाघुड़िया गांव में 50 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया. मुर्मू ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया कंबल पर्याप्त नही होता है. इसलिए अपने स्तर से जहां भी जरूरत होती है कंबल उपलब्ध कराते है साथ ही कहा कि सरकारी योजनाओं पर कुछ खास लोग ही हावी हो रहे है. कहा कि इस सरकारी योजनाओं का लाभ बेरोजगार युवकों को मिलना चाहिए.

### अंचल कार्यालय का पब्लिक टॉयलेट गंदा

**डुमरिया ।** स्वच्छता मिशन को सफल बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार करोड़ों की राशी खर्च कर रही है. लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा रहा है. अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है. प्रधानमंत्री मोदी भी स्वच्छता मिशन में शामिल होकर देश में स्वच्छता मिशन को प्रेरणा दे रहे हैं. स्वच्छता अभियान के समय प्रशासनिक अधिकारी भी सजगता के साथ मिशन को सफल बनाने में जुट जाते हैं. लेकिन समय बीतने के साथ इसको भूल जाते हैं.

### परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने का कार्य शुरू

**जमशेदपुर ।** कोल्हान विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (केयूपीईटी) आगामी तीन दिसंबर को होगी. इसे लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी की जा रही है. परीक्षा में शामिल होने के लिए 974 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. इसके मद्देनजर दो परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. दोनों परीक्षा केंद्र चाईबासा में बनाये गये हैं. इनमें जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज और टाटा कॉलेज शामिल है. विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा के दौरान काफी सख्ती का इंतजाम किया जा रहा है.

### जरुरतमंद को शिविर में बुलाकर लें आवेदन

**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड के बकुलचंदा स्थित बांकिशोल पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित हुई. डीसीएलआर नित निखिल सूरिन और बीडीओ सह सीओ चंचला कुमारी के देखरेख में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गये. विधायक संजीव सरदार भी शिविर में उपस्थित हुए. उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के जरुरतमंद लोग शिविर में आकर आवेदन जमा करें इसके लिए आवश्यक पहल करें.

# खरसावां में 3 तीरंदाजों को मिला इंडियन राउंड का धनुष

संवाददाता । खरसावां



धनुष वितरण के बाद खिलाड़ियों के साथ मंत्री अर्जुन मुंडा व अन्य.

**खिलाड़ी प्रसन्न**

- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खिलाड़ियों को धनुष दिया
- धनुष पाकर अनुष्का, सुमन और राहुल तियु काफी खुश हैं

खरसावां के दामादिरी आर्चेरी मैदान में जिला के तीन तीरंदाजों को इंडियन राउंड का धनुष उपलब्ध कराया गया. भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने तीरंदाज अनुष्का हेंब्रम, सुमन गोप व राहुल तियु में इंडियन राउंड का धनुष वितरण किया. इंडियन राउंड के इन तीरंदाजों के लिये मणिपुर से धनुष मंगाया गया था.

मौके पर अर्जुन मुंडा ने तीरंदाजों से लगन के साथ कड़ी परिश्रम कर आगे बढ़ने को प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि तीरंदाजी के मामले में यह जिला काफी आगे है. पिछले दो दशक से यहां के तीरंदाज बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे है. उन्हेंने तीरंदाजों से आगे भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताया. तीरंदाजी संघ के सचिव सुमंत मोहंती ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि खरसावां के दामादिरी आर्चेरी मैदान में पिछले दो दशक से खरसावां के दामादिरी आर्चेरी ग्राउंड में तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. यहां से अब तक डेढ़ दर्जन अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज व तीन दर्जन से अधिक राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज तैयार हुए है. मौके पर राज्य सभा सांसद समीर उरांव, डीसी रविशंकर शुक्ला, तीरंदाजी संघ के सचिव सुमंत मोहंती, उपाध्यक्ष मंगल सिंह सोय, कोषाध्यक्ष उत्तम मिश्रा, सह सचिव उदय सिंहदेव समेत संघ से जुड़े तीरंदाज उपस्थित थे.

# विधायक ने तालाब जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास

संवाददाता। घाटशिला

घाटशिला प्रखंड के दामपाड़ा क्षेत्र बांकी पंचायत अंतर्गत लेदा गांव में निजी तालाब जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधायक रामदास सोरेन ने नारियल फोड़कर किया. मौके पर विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चौमुखी विकास हो रहा है. अब निजी तालाब का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है.

लाभुक समिति के द्वारा जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा.12 लाख रुपया की लागत किया जाएगा. विधायक ने कहा आज राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई उच्च शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दे रही है. उन्होंने आवास के संबंध में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दिए राज्य सरकार का पूर्ण रूप से भागीदारी निभाते हुए अबूआ आवास के लिए कृत संकल्प है. संपूर्ण झारखंड में 8 लाख आवास का निर्माण किया जाना है.

उपस्थित सभी ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए सरकार का जन कल्याणकारी कार्य में भागीदारी हेतु आवाह्न किया. इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, पंचायत समिति सदस्य मंगल किस्कू, पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा सोरेन, ग्राम प्रधान गणेश हांसदा, पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती सामद, काली पद गोराई, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव रतन महतो काजल डान सहित ग्रामीण उपस्थित थे.

## पूर्व विधायक मंगल ने राजीव लोचन पर पहले ही लगाया था भ्रष्टाचार का आरोप

# बैक डेट से ठेकेदार को कार्य किया जा रहा है आवंटित

संवाददाता । किरीबुरु





**शिकायत की**

- भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के अध्यक्ष ने की जांच की मांग
- नए मुख्य अभियंता की पदस्थापना कर दी गई है

ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय में इन दिनों सीएस घोटाला और बैक डेट से कार्य आवंटित करने की चर्चा जोरों पर है. विदित हो कि तत्कालीन सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता राजीव कुमार लोचन के हस्ताक्षर से आज भी बैक डेट से ठेकेदार को कार्य आवंटित करने का आदेश विभिन्न कार्य प्रमंडल में मेल से आ रहा है. जबकि ग्रामीण कार्य विभाग ने नये मुख्य अभियंता का पदस्थापना कर दिया गया है. फिर वर्तमान समय में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता के कार्यकाल की तिथि पर आज कार्य आवंटित किए जाने का आदेश किस परिस्थिति में प्रमंडल में पहुंच रहा है. यह चर्चा ठेकेदारों के बीच काफी तेज है. इस संबंध में झारखंड राज्य भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के प्रदेश अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने मुख्य सचिव (सीएस) को पत्र लिख कर जांच की मांग की है. साथ ही प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग और वर्तमान मुख्य अभियंता राम प्यारे प्रसाद को इस पत्र की प्रतिलिपि दी है. गणेश प्रसाद ने पत्र में कहा है कि राजीव लोचन, अधीक्षण अभियंता सह प्रभारी मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, रांची द्वारा सेवानिवृत्त होने के पश्चात भी बैक डेट से सीएस अनुमोदन करने की शिकायत प्राप्त हो रही है. पश्चिमी सिंहभूम जिला में चक्रधरपुर प्रमंडल और चाईबासा प्रमंडल में छह माह पूर्व सड़क निर्माण, विशेष मरम्मत कार्य की निविदा का निष्पादन अर्थात ठेकेदार को कार्य आवंटित के आदेश बैक डेट से सेवानिवृत्त होने के पश्चात किया गया है और अब भी किया जा रहा है. इसकी जांच मुख्य अभियंता कार्यालय की सीएस संचिका की जांच तथा कार्यालय के मेल आईडी की जांच से बैक डेट होने की पुष्टि हो जायेगी.

दोनों प्रमंडल में आज भी किस प्रक्रिया के तहत सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता के हस्ताक्षर से कार्य आवंटित का आदेश जारी किया जा रहा है. इससे स्पष्ट होता है कि पूर्व में जो भ्रष्टाचार का आरोप पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने राजीव लोचन पर लगाया है, वह सही है. उक्त भ्रष्ट अभियंता के विरुद्ध एसीबी, निगरानी विभाग में केस पहले से दर्ज है. इसकी जांच लम्बित है. उक्त जांच को शीघ्र पूरा कराने की आवश्यकता है. साथ ही सेवानिवृत्त होने के पश्चात बैक डेट से निर्गत आदेश की जांच करने तथा बैक डेट से कार्य प्रमंडल में प्राप्त आदेश को रद्द कर पुनः निविदा आमंत्रित किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश वर्तमान मुख्य अभियंता को देने की आवश्यकता है. गणेश प्रसाद ने बताया कि मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्यरत कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता की मिलीभगत से बैक डेट से आदेश पत्र निर्गत किया जा रहा है. यदि सेवा कार्यकाल में कार्य आवंटित किया गया है तो प्रमंडल में सेवानिवृत्त होने के बाद कार्य आवंटित करने का आदेश कैसे मेल किया जा रहा है.

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह में पूर्व विधायक सह झारखंड बचाओ अभियान के संयोजक मंगल सिंह बोबोंगा ने राज्यपाल को पत्र लिख राजीव लोचन द्वारा भारी भ्रष्टाचार कर उनके द्वारा अर्जित की गई चल, अचल सम्पत्ति की जांच किसी केन्द्रीय एजेंसी से कराने की मांग की गई थी. उन्होंने राजीव लोचन के खिलाफ आरोप लगाते हुये कहा था कि वे ठेकेदारों को टेक्निकल पास करने तथा कार्य आवंटित किए जाने के नाम पर अपने अधीन सहायक अभियंताओं विशेष कर मनोहरपुर प्रमंडल के निविदा कार्य को देख रहे झा के माध्यम से 6 प्रतिशत कमीशन वसूल रहे हैं. इसकी केन्द्रीय एजेंसी से जांच कराने की आवश्यकता है. पूर्व प्रभारी मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम से भी अधिक कमीशन वसूली का धंधा वर्तमान में चल रहा है. बीरेंद्र राम के समय से भी अधिक कमीशन वसूली की जांच जनहित में जरूरी है.

# लाभुकों को मिलेगा योजना का लाभ

संवाददाता । चाईबासा



टोंटो प्रखंड के केंजरा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुवा उपस्थित हुए. जिनके हाथों से विधिवत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. मौके पर विधायक के हाथों विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.

वहीं विधायक ने कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया. विधायक ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने सरकारी योजनाओं तक जरूरतमंद लोगों की पहुंच आसान करने और अबुआ आवास योजना सहित विभिन्न तरह के आवेदनों का मौके पर निपटारा करने के लिए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान की शुरुआत की है. उन्होंने कहा कि हर अहर्ताधारी नागरिकों को अबुआ आवास योजना के अलावा अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाना है. सहज एवं सरल रूप से योजनाओं की जानकारी आमजनों को मिले, इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है. उन्होंने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इसका प्रचार प्रसार जोर-जोर से करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाया जा सके. विधायक ने आम नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंच कर शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन देने की अपील की. ताकि तय समय पर उसका निष्पादन कर उन्हें सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जा सकें. मौके पर एलआरडीसी संध्या मुंडू, जिप सदस्य राज नारायण तुबिद, प्रमुख अनिता बारी, टोंटो बीडीओ ललित भगत मौजूद थे.

### चाईबासा की एनएसएस वॉलेंटियर रेशमा का चयन

**चाईबासा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन किया जाता है. इस बार 2 दिसंबर से 8 दिसंबर 2023 तक बीआईटी पटना कैंपस पटना में आयोजन किया जा रहा है. इस शिविर में महिला कॉलेज चाईबासा की एनएसएस बीएड यूनिट की वॉलेंटियर रेशमा मुर्मू का चयन किया गया है. गुरुवार को महिला कॉलेज में ही बैठक कर यह निर्धारित किया गया. मौके पर प्राचार्य ने कहा कि यह महिला कॉलेज चाईबासा के लिए यह गर्व की बात है और छात्रा को शुभकामनाएं दीं. डॉ अर्पित सुमन ने कहा कि एनएसएस वॉलेंटियर्स के लिए प्रतिवर्ष यह शिविर आयोजित किया जाता है.

# मालगाड़ी को पहले पास देने पर यात्रियों का हंगामा

**जमशेदपुर ।** खड़गपुर रेल मंडल के झारग्राम स्टेशन पर स्टील एक्सप्रेस समेत कई लोकल ट्रेनों को होल्ड किए जाने से नाराज यात्रियों ने गुरुवार सुबह जमकर हंगामा किया. इस दौरान स्टील एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों में सफर कर रहे यात्री रेल ट्रैक पर उतर आए और नारेबाजी की. हंगामा करने वाले ज्यादातर रेल कर्मी और मजदूर वर्ग के लोग शामिल थे, जो रोजाना काम पर आने-जाने के लिए ट्रेनों का इस्तेमाल है. लोगों का आरोप था कि अक्सर ही यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ी को पास दिया जाता है. इस कारण उन्हें ड्यूटी पर पहुंचने में देर हो जाती है. इधर, हंगामे की जानकारी मिलने पर आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग शांत नहीं हुए. इसके बाद रेल पुलिस ने बल का प्रयोग कर हंगामा कर रहे लोगों को रेल ट्रैक से हटाया. हंगामे के कारण टाटा की तरफ से जाने वाली जनशताब्दी और इस्पात एक्सप्रेस को भी झारग्राम के आउटर में काफी देर तक रोक कर रखा गया था. वहीं टाटा की ओर आ रही दुरंतो एक्सप्रेस भी रुकी रही. हंगामा खत्म होने के बाद सभी ट्रेनों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया. सुबह 8 बजे से लेकर 10 तक हंगामा चलता रहा.

# सारंडा के वृद्धों व जरुरतमंदों के बीच मुखिया ने कंबल बांटे



संवाददाता । किरीबुरु

मेघाहातुबुरु उत्तरी पंचायत अन्तर्गत सारंडा के सुदूरवर्ती गांव करमपदा में आबुआ आवास योजना के तहत ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई. यह बैठक मुखिया लिपि मुंडा, करमपदा के मुंडा राहुल नायक, नवागांव के मुंडा राजेश एवं भनगांव के मुंडा मंगरा के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई.

बैठक में यह फैसला लिया गया की अबुआ आवास योजना का लाभ सर्वप्रथम गांव की विधवा व विकलांगों को दिलाया जायेगा. इसके लिये लाभुकों के चयन की जिम्मेदारी गांव के मुंडाओं, महिला समूहों व गणमान्य लोगों को सौंपी गई. इसके बाद गांव के तमाम गरीब परिवारों को चरणबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिलाने पर सहमति बनी. इस कार्यक्रम के दौरान मुखिया लिपि मुंडा द्वारा पंचायत के विभिन्न गांवों के लगभग 150 वृद्ध व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया. मुखिया ने बताया की ठंड से किसी वृद्ध व गरीब की मौत नहीं हो इस हेतु सरकार से मिले कम्बलों का वितरण किया जा रहा है. प्रशासन से हमें लगभग 220 कम्बल मिले हैं.

### आयुष्मान कार्ड का लाभ लोगों को मिले : प्रताप

**चाईबासा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) टोन्टो मंडल पंचायत रेगड़ाहातू ग्राम बारूतोआ में गुरूवार को बैठक आयोजित किया गया. बैठक में गांव के विभिन्न समस्याओं को जाना गया. जिला महामंत्री प्रताप कटियार महतो ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी को दिया. जिसमें आयुष्मान कार्ड, उज्जवला गैस योजना, हर घर जल नल योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है. साथ ही युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्राप्त हो रहा है. ग्रामीणों के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया कि उनके द्वारा देश के करोड़ों गरीब परिवारों को आगामी 2028 तक मुफ्त अनाज केंद्र सरकार उपलब्ध कराएगी. बैठक में जितनी भी जन समस्याएं बनाई है उन्हें सूचीबद्ध कर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा और यथाशीघ्र समाधान के लिए कहा जाएगा.

# किरीबुरु में विद्युत आपूर्ति शुरू हुई

संवाददाता । किरीबुरु



**मिली राहत**

- 11 केवी बिजली लाइन की ऊंचाई को बढ़ाया गया
- इस लाइन की वजह से दुर्घटना की आशंका रहती थी

किरीबुरु टाउनशिप स्थित बिरसा स्मारक के समीप 11 केवी विद्युत लाइन की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ. कार्य सम्पन्न होने के बाद दोपहर लगभग 2.20 बजे टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई. उल्लेखनीय है कि बिरसा स्मारक के पास आये दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं.

दिसम्बर माह में किरीबुरु ओपेन थियेटर और बिरसा स्मारक के बीच खान सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर भव्य तरीके से पब्लिसिटी प्रोपगेंडा कार्यक्रम आयोजित होना है. इस क्षेत्र से काफी कम ऊंचाई से 11 केवी लाईन गुजरी है. जिससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी. इसी स्थान पर विद्युत लाईन को ऊंचा करने हेतु आज सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शट डाउन लिया गया था. सुबह ठीक 10 बजे बिजली काटी गई थी लेकिन समय से लगभग पौने दो घंटा पहले ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण कर समय से पहले विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया गया. दूसरी तरफ पहले से तय कार्यक्रम अनुसार सेल की डालमिया पानी फिल्टर प्लांट का खराब पम्प को ठीक करने का कार्य सुबह से जारी रहने के कारण आज किरीबुरु टाउनशिप क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पायी, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा. हालांकि सेल प्रबंधन ने पानी सप्लाई बाधित रहने संबंधित नोटिस एक दिन पूर्व हीं जारी कर दिया था. जिस वजह से लोगों पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचते रहे.

### विधायक समीर ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**बहरागोड़ा ।** गुरुवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहुलिया पंचायत भवन में आपकी सरकार आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुई. जिसमें मुख्य अतिथि विधायक समीर कुमार मोहंती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. विधायक ने इस मौके पर कहा कि लाभुकों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से जोड़ना है. साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों को यथासंभव जल्द स्वीकृति दिया जायेगा. वहीं विधायक ने कहा कि प्राप्त आवेदनों को एक या दो दिन में ऑनलाइन प्रविष्ट किया जायेगा. उन्होंने कहा कि जिले एक लाख से अधिक लोगों को पिछले चार वर्षों में पेंशन योजना से जोड़ा गया है. छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि में भी वृद्धि की गई है. योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहले जिला तक लोगों को दौड़ना पड़ता था. वर्तमान समय में पंचायत स्तर में शिविर का आयोजन कर सरकार आपके घर तक आकर आवेदन ले रही है.

## आदेश | कार्यपालक अभियंता फनी भूषण ने काम लटकाने वाले ठेकेदारों की मांगी सूची

# योजना लंबित रखने वाले ठेकेदारों को नहीं मिलेगा नया काम

संवाददाता । किरीबुरु



**दिया आदेश**

- 26 संबंधित ठेकेदारों की सूची भी विभाग को भेजी
- इसमें आस्था कंस्ट्रक्शन समेत कई के नाम हैं
- पोड़ाहाट के जंगलों में कई योजनाएं संचालित हैं

राज्य और जिला स्तरीय योजनाओं को लम्बित रखने वाले ठेकेदारों को नया काम नहीं दिया जाएगा. इस सम्बंध में लघु सिंचाई विभाग, चाईबासा के कार्यपालक अभियंता फनी भूषण ने सभी कार्यकारी एजेंसी से एकरारनामा अवधि पार होने के बाद कार्य को लम्बित रखने वाले ठेकेदारों की सूची मांगी है. उन्होंने ऐसे ठेकेदारों को नया काम भी नहीं देने का आदेश दिया है.

उन्होंने 26 संबंधित ठेकेदारों की सूची भी विभाग को भेजी है. इसमें आस्था कंस्ट्रक्शन, मतियस तुबिड, मेसर्स चौधरी कंस्ट्रक्शन, नरसिंह निषाद, मेसर्स नव्य कंस्ट्रक्शन, मेसर्स राज नंदन भाई पटेल, सुशील ट्रेडर्स, लीलावती इंटरप्राइजेज, अजीत कुमार सिन्हा, मेसर्स दीपक ठाकुर, आदित्य विक्रम तिरिया, मेसर्स अरसान कंस्ट्रक्शन, पुष्पांजलि इंजीकोन प्राईवेट लिमिटेड, संजय कुमार अखाड़ा, श्री साई राम कौन्ट्रैक्टर्स प्राईवेट लिमिटेड, मेसर्स फ्रेन्ड्स कंस्ट्रक्शन, एमडी असगर अली, मेसर्स नेपाल महतो, राज किशोर बोयपाई, जय भवानी कंस्ट्रक्शन, मेसर्स शंकर बिल्डर्स, चंदन कुमार झा, अमल महतो, राजा कंस्ट्रक्शन, श्री शुभम कंस्ट्रक्शन एवं साई कंस्ट्रक्शन शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि पश्चिम सिंहभूम जिले के विभिन्न क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित सारंडा, कोल्हान, पोड़ाहाट के जंगलों में दर्जनों विकास योजनाएं संचालित हैं, जो कार्य समाप्ति की तिथि पार होने के बाद भी अधूरा है. ऐसे कई ठेकेदार हैं जो कई कार्य का ठेका लिये हुये हैं और एक भी काम पूरा नहीं किया है. इसी वजह से योजनाओं को लम्बित रखने वाले ठेकेदारों को नये कार्य आवंटित नहीं करने का फैसला विभाग ने लिया है. ऐसे ठेकेदारों की सूची मांगी गई है.

# मनीपुर में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता हुई शुरू

संवाददाता । मनोहरपुर

एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट गुरुवार को मनोहरपुर पूर्वी पंचायत के मनीपुर खेल मैदान में शुरू हुआ. बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव, विशिष्ट अतिथि बीडीओ शक्तिकुंज, मुखिया पूजा कुजूर एवं पंचायत समिति सदस्य उषादेवी ने ख़ुशबू ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया. विदित हो कि इस टूर्नामेंट में प्रखंड की 17 पंचायतों की महिला व पुरुष वर्ग टीमें भाग ले रही हैं. सभी टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया. बीडीओ शक्तिकुंज ने बताया कि इस खेल में पुरुष वर्ग से एक एवं महिला वर्ग से एक कुल दो विजेता टीम का चयन जिला स्तर के लिए किया जाएगा. वहीं बेहतर प्रदर्शन करने पर उन टीमों को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा. खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव ने कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि क्षेत्र व जिले के खिलाड़ी चुनकर बाहर निकलें. प्रतियोगिता में उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा. बीडीओ शक्तिकुंज ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. इसके पूर्व राईडीह पंचायत के मुखिया अतेन सुरीन ने मुख्य अतिथि रंजित यादव को एवं विशिष्ट अतिथि शक्तिकुंज को मनोहरपुर पूर्वी पंचायत की मुखिया पूजा कुजूर ने मोमेंटम देकर उनका स्वागत किया.

▼ ब्रीफ खबरें

### डॉ नंदी ने गरीब महिला की आंख का किया ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जनरल अस्पताल सारंडा एवं आसपास के गरीब मरीजों के लिये सदैव वरदान साबित हो रहा है. जगन्नाथपुर अनुमंडल क्षेत्र की एक वृद्ध महिला लोदनी कुई पति बामिया पूर्ति, जिसके दोनों आखों से दिई नहीं दे रहा था. वह किसी का सहारा लेकर चल पाती थी. लेकिन आज सेल अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ नंदी जेराई द्वारा उक्त महिला का सेल अस्पताल किरीबुरु में एक आंख का सफल आपरेशन किया गया. महिला की आंख की पट्टी को 1 दिसम्बर को खोला जायेगा.

### रंभा कॉलेज को मिली नर्सिंग सत्र 2023-24 की मान्यता

**जमशेदपुर।** रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग को इंडियन नर्सिंग काउंसिल से बीएससी नर्सिंग सत्र 2023-24 के लिए मान्यता मिल गई है. पूर्व में इस कॉलेज को एएनएम कोर्स के लिए आईएनसी मिली है और एएनएम जीएनएम और बीएससी नर्सिंग को जेएनआरसी रांची और कोल्हान यूनिवर्सिटी चाईबासा से मान्यता प्राप्त है. इस उपलब्धि का श्रेय कॉलेज प्रबंधन ने कॉलेज के प्रिंसिपल समेत सभी प्रोफ़ेसर्स को दिया है. कॉलेज प्रबंधन ने शुभकामनाएं देते हुए आने वाले सत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### जेसी बोस की जयंती पर किया गया पौधरोपण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज के विज्ञान विभाग की ओर से महान वैज्ञानिक डॉ जगदीश चंद्र बसु की जयंती पर तीन पौधे रोपे गये. इस अवसर पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ मौसुमी पॉल ने कहा कि डॉ जगदीश चन्द्र बसु भारत के महान वैज्ञानिक थे, जिन्हें भौतिकी, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा पुरातत्व का गहरा ज्ञान था. वे पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने रेडियो और सूक्ष्म तरंगों की प्रकाशकी पर कार्य किया. उन्होंने कहा कि वनस्पति विज्ञान में डॉ बसु ने कई महत्त्वपूर्ण खोज की.

### व्यवसायी पर एसटी-एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**चांडिल।** राजद नेता सह ईचागढ़ के सूद-ब्याज कारोबारी गजानंद साहू पर एससी-एसटी एक्ट के साथ धोखाधड़ी एवं ठगी का मामला दर्ज हुआ है. ईचागढ़ थाना अंतर्गत बांकसाई निवासी दुधी कालिंदी के लिखित बयान पर ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया है. इस मामले का अनुसंधान चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह करेंगे. दुधी ने कहा कि जब वे अपने पति के साथ गजानंद साहू के पास चेक बुक और एटीएम मांगने पहुंची तो उन्हें जाति सूचक व भद्दी-भद्दी गाली दी गई.

### नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में एक्सप्लोर-10 का आगाज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पोखारी स्थित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में गुरुवार को दो दिवसीय इंटर कॉलेज फेस्ट एक्सप्लोर के 10 वे संस्करण का शानदार आगाज हुआ. इस दो दिवसीय फेस्ट का आज पहला दिन था. एक्सप्लोर के 10वें संस्करण की शुरुआत फ्लैश मॉब के माध्यम से यूनिवर्सिटी प्रांगण में शानदार नृत्य के साथ हुई. फ्लैश मॉब के दौरान विभिन्न विद्यालयों व कॉलेजों से आए विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था. विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित नजर आए.

### उड़िया उच्च विद्यालय में खोला गया पुस्तकालय

**आदित्यपुर।** उड़िया मध्य विद्यालय आदित्यपुर में फूड फॉर हंगरी फाउंडेशन ऑफ़ झारखंड के द्वारा विद्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया. संस्था के द्वारा पुस्तकालय हेतु पुस्तक अलमीरा, टेबल, कुर्सी आदि उपलब्ध कराया गया. इससे पहले विद्यालय में संचालित कंप्यूटर कक्षा हेतु प्रशिक्षक, सिलाई सीखने हेतु प्रशिक्षिका एवं साइंस पढ़ने हेतु वॉलिंटियर का नियुक्त संस्था के द्वारा किया गया है. कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.

---

नगर कीर्तन में सेवा करनेवाले जत्थे, स्कूल और संस्थाएं समेत कई लोगों को किया गया सम्मानित

## डॉ सिद्धू को झारखंड रत्न सेवा अवार्ड से नवाजा गया

संवाददाता। जमशेदपुर



सम्मानित करते अतिथिगण.

शहर के वयोवृद्ध गरीबों के मसीहा डॉ कृपाल सिंह सिद्धू को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए झारखंड रत्न सेवा अवार्ड से नवाजा. जबकि शिक्षा के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाने वाली कदमा की बेटी रविंदर कौर को भी सम्मान देकर हौसला बढ़ाया. गुरुवार को साकची गुरुद्वारा साहिब में नगर कीर्तन में सेवा करने वाले जत्थे, विद्यालय, संस्थाएं समेत कई लोगों को सेंट्रल दिवान में सम्मानित किया. अतिथि के रूप में साकची गुरुद्वारा किशोर कौशल और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने शोभा यात्रा के पुरस्कृत किया. इस अवसर पर एसएसपी किशोर कौशल ने सिख समाज और सीजीपीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर के सिख बधाई के पात्र हैं जिन्होंने बड़े ही तरीके, सलीके और शांतिपूर्ण रूप से नगर कीर्तन संपन्न कराया. एसएसपी ने जोर देकर कहा जिस प्रकार नगर कीर्तन में सफाई और अनुशासन का ध्यान रखा गया, यह प्रेरित करने वाला है.

**रिकॉर्ड अस्सी हजार संगत ने पालकी साहिब के किए दर्शन :** सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कोल्हान की संगत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगत और सभी कमेटियों के कारण ही इस वर्ष नगर कीर्तन ऐतिहासिक हो पाया है, इसका सारा श्रेय केवल और केवल संगत को जाता है. चेयरमैन सरदार शैलेंदर सिंह ने इस बार प्रकाश पर्व पर रिकॉर्ड अस्सी हजार संगत ने पालकी साहिब के दर्शन किये जो नगर कीर्तन के ऐतिहासिक होने का सबूत है. मौके पर भगवान सिंह केअलावा, चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, पटना साहब के महासचिव इंद्रजीत सिंह, चेयरमैन गुरमीत सिंह, साकची के प्रधान निशान सिंह, वरिय उपाध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह, चंचल सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे.

---

आओ जानें

### धनवार सीट से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | भाजपा | रवींद्र कुमार राय |
| 2005 | भाजपा | रवींद्र कुमार राय |
| 2009 | भाजपा | निजामुद्दीन अंसारी |
| 2014 | भाकपा माले | राजकुमार यादव |
| 2019 | भाजपा | बाबूलाल मरांडी |



---

सड़क मरम्मत की मांग करते-करते अब थक चुके हैं चांडिलवासी

## सड़क की स्थिति खस्ताहाल

**संवाददाता। चांडिल**



खस्ताहाल एनएच 32

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कहते हैं कि देश में पहले एक दिन में मात्र दो किलोमीटर हाइवे बनता था. अब एक दिन में 33 किलोमीटर हाईवे बनाकर कीर्तिमान स्थापित किया गया है. लेकिन इस कीर्तिमान से चांडिलवासियों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है. दरअसल चांडिल गोलचक्कर से लेकर नीमडीह प्रखंड के लुपुंगडीह तक राष्ट्रीय राजमार्ग 32 की स्थिति खस्ताहाल है. सड़क पर बने अनगिनत गड्ढों और उड़ती धूल से राहगीरों के साथ आम लोग भी खासे परेशान हैं. उक्त सड़क की मरम्मत की मांग करते हुए स्थानीय लोग थक चुके हैं. बार-बार आश्वासन मिलने के बाद अब लोग इस मुद्दे पर बात करना बंद कर दिए हैं. लोगों को ऐसा प्रतीत होने लगा है कि सांसद को जनता से कोई लेना-देना नहीं रहा.

**अस्पताल और कॉलेज जाने वाले परेशान :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में कोई बड़ा अस्पताल नहीं है. अगर कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है तो उसे जमशेदुपर या रांची लेकर जाना पड़ता है. दूसरा चांडिल स्थित एकमात्र डिग्री कॉलेज पर ही विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर बच्चे उच्च शिक्षा के लिए आश्रित हैं. बीमारों को अस्पताल पहुंचाने और विद्यार्थियों को कॉलेज पहुंचने में खस्ताहाल सड़क बाधा उत्पन्न करती है. सड़क की ऐसी स्थिति होने के कारण दोनों पर ही बहुत प्रभाव पड़ रहा है. हर दिन कई बार ऐसी स्थिति होती है जब लोगों को सड़क की खराब स्थिति के कारण ट्रैफिक से दो चार होना पड़ता है.

**सिस्टम कुंद**

- सांसद को जनता से कोई लेना-देना नहीं रहा
- सड़क के मुद्दे पर बात करना बंद कर दिए हैं लोग
- बिमारों तथा विद्यार्थियों को हो रही है परेशानी

**हर बार अलग-अलग बात कहते हैं सांसद**

क्षेत्र के सांसद संजय सेठ क्षेत्र में आने पर सड़क मरम्मत को लेकर हर बार अलग-अलग बात करते हैं. सांसद ने पहले कहा कि यह रेलवे का मामला है. फिर कहा कि बरसात खत्म होते ही सड़क मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा. बरसात के कारण काम नहीं हो पा रहा है. इसके बाद उन्होंने कहा कि छह तारीख से सड़क निर्माण का काम प्रारंभ होगा. सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. बरसात बीत गए कई छह तारीख गुजर गए, लेकिन सड़क मरम्मत का काम अब तक शुरू नहीं सका है. जानकारी के अनुसार फिलहाल सड़क की मरम्मत के लिए निविदा प्रक्रिया में है. पहली बार निविदा निकाले जाने के बाद किसी भी ठेकेदारक ने निविदा नहीं डाली थी. इसके बाद दूसरी बार निविदा निकाली गयी. इस बार तीन ठेकेदारों ने निविदा में हिस्सा लिया है.

**जुमलेबाज निकले सांसद : साहेब सिंह**



चांडिल निवासी साहेब सिंह ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ भी जुमलेबाज निकले. सड़क मरम्मत के नाम पर उन्होंने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के साथ जुमलेबाजी ही की. सांसद को धरातल पर काम करने से ज्यादा सोशल मीडिया पर छाए रहना पसंद है. बड़ी-बड़ी बातों को अखबार के माध्यम से कहना उनका आचरण बन गया है. लंबे समय से सड़क से उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है.

**कभी नहीं मिला था ऐसा सांसद : मनोज सिंह**



चांडिल निवासी मनोज सिंह ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र को कभी भी ऐसा सांसद नहीं मिला था, जिसे धरातल की कुछ जानकारी ही नहीं रहती. साढ़े चार साल के कार्यकाल में सांसद का ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में ऐसा एक भी काम नहीं जिसके कारण उन्हें याद किया जा सके. जनता से दूरी और संवादहीनता के कारण क्षेत्र में व्यापक नाराजगी है. उनके कमजोर परफार्मेंस को लेकर समर्थक भी धर्मसंकट में पड़ गए हैं.

**बार-बार बयान बदल रहे सांसद : फकरूद्दीन**



चांडिल निवासी फकरूद्दीन अंसारी ने कहा कि चांडिल रेलवे बाईपास सड़क की मरम्मत को लेकर पहले सांसद ने इसे रेलवे से जुड़ा मामला बताया था. रेलवे ने जब सड़क एनएचएआई को सौंप दिया तो बरसात का बहाना बनाया. इसके बाद तिथि तय कर दी. जबकि वास्तविकता है कि अभी टेंडर की प्रक्रिया ही चल रही है. जब से घोड़ानेगी से बाईपास सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, पहले वाली मुख्य सड़क पर विभाग ने ध्यान देना बंद कर दिया.

---

### गोलमुरी पुलिस केंद्र में आम सभा का आयोजन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित पुलिस केंद्र में गुरुवार को आम सभा का आयोजन किया गया. सभा में एसएसपी किशोर कौशल ने सभी पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना और उसके निदान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश भी दिए. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस सभा के माध्यम से पुलिस कर्मियों को होने वाली परेशानी से मुक्त करना है. उन्होंने बताया कि पुलिस केंद्र में सबसे बड़ी समस्या सीवरेज की है जिसे जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा. इस सभा में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एएसपी लॉ एंड ऑर्डर सुमित अग्रवाल और डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता समेत जिले से सभी थानेदार, एसआई और एएसआई मौजूद थे.

## सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को दी गई जानकारी

**संवाददाता | आदित्यपुर**



आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज सरायकेला-खरसावां जिले के सरायकेला प्रखंड के सिनी, राजनगर प्रखंड के डुमरडीहा, गम्हरिया प्रखंड के बड़ाकांकड़ा, तथा ईचागढ़ प्रखंड के रिरुलडीह पंचायत मे पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया.

वहीं नगर निकाय क्षेत्र के नगर निगम आदित्यपुर के वार्ड संख्या 7-8, नगर पंचायत सरायकेला के वार्ड संख्या 10 तथा नगर परिषद कपाली वार्ड संख्या वार्ड संख्या 04 में शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित शिविर में मंत्री चम्पाई सोरेन आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री झारखण्ड सरकार उपस्थित हुए. शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तथा योग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त किया गया. वहीं दर्जनों लाभुकों को ऑन-द-स्पॉट सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की लाभ प्रदान की गई.

---

स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता राजीव दीक्षित की जयंती धूमधाम से मनी

## राजीव दीक्षित को हम नमन करते हैं

**संवाददाता। जमशेदपुर**



समारोह में शामिल अतिथि व सदस्य.

जमशेदपुर के सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन एवं भारतीय जन महासभा ने संयुक्त रूप से स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता राजीव दीक्षित की जयंती धूमधाम से तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में मनायी. समारोह की अध्यक्षता अरुण तिवारी ने की. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुभाष मूनका, स्वागताध्यक्ष प्रसेनजित तिवारी थे. तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने कहा कि स्व राजीव दीक्षित भारतीय ऋषि परम्परा में आते हैं. उनका संपूर्ण जीवन न केवल भारतवासियों, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के कल्याण के लिए परिश्रमरत रहा. उनके मार्गदर्शन ने लाखों भारतीयों के जीवन में अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन को दिशा दी. आज हम उनको श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं. भारतीय जन महासभा के अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार ने कहा कि स्व राजीव दीक्षित ने अपने अल्प जीवन में ही देश-विदेश में 13 हजार से ऊपर व्याख्यान दिए. उन्होंने कहा कि स्व राजीव दीक्षित के व्याख्यानों के अनुरूप खान-पान को अपनाकर व्यक्ति कभी बीमार ही नहीं हो सकता. स्वदेशी को अपना कर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी. समारोह में अरुण तिवारी, प्रकाश मेहता, यमुना तिवारी व्यथित, भंजदेव कुमार व्यथित, वसंत जमशेदपुरी, डॉ अजय कुमार ओझा, सुरेश चंद्र झा, उपासना सिन्हा, शकुंतला शर्मा, बृजेंद्र नाथ मिश्रा, दिव्येन्दु त्रिपाठी, कवलेश्वर पांडेय, पिंकी देवी, अर्चना बरनवाल, अमरजीत सिंह, हरिकिशन चावला, ओम प्रकाश, माधवी उपाध्याय समेत अनेक लोग शामिल हुए. समारोह का संचालन प्रकाश मेहता एवं धन्यवाद ज्ञापन धर्म चंद्र पोद्दार ने किया.

---

## ड्रोन से खेतों में रसायन-उर्वरक का छिड़काव करेंगी महिलाएं



**संवाददाता | खरसावां**

गुरुवार को नई दिल्ली से पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये पीएम ड्रोन दीदी कार्यक्रम की भी शुरुआत की. इस कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा भी खरसावां के दामादिरी आर्चेरी मैदान से सीधे जुड़े. ड्रोन से खेतों का सर्वे किया गया. खाथ ही खेतों में रसायनिक व उर्वरक के छिडकाव से संबंधित भी डेमोस्ट्रेशन दिया गया. मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति बनाने की योजना के तहत लगातार योजना बना कर कार्य किया जा रहा है. प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र भी इसकी एक कड़ी है. उन्होंने बताया कि 15,000 महिला एसएचजी को ड्रोन मुहैया कराने का फैसला किया गया है.

### पार्वती घाट पर मिथिलेश महाराज पंचतत्व में विलीन

**आदित्यपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता मिथिलेश महाराज का अंतिम संस्कार आज पार्वती घाट बिष्टुपुर में संपन्न हुआ. इससे पूर्व शेरे पंजाब चौक, आदित्यपुर में खानबाड़ी स्थित आवास से शवयात्रा निकाली गई, जिसमें काफी लोग शरीक हुए. बता दें कि मिथिलेश महाराज की बुधवार को प्रातः समय राँची के एक निजी अस्पताल में उपचार के क्रम में मृत्यु हो गई थी. मौके पर पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह, मनोज सिंह, विमल सिंह, पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय सिंह, जगदीश नारायण चौबे, बबलू सिंह, अंकुर सिंह, सुबोध महाराज, मनोज कान्त राय, ज्योतिष चन्द्र राय, बच्चा तिवारी, सुनील कुमार न्यूटन, मंटू मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे. ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने मिथिलेश महाराज की आकस्मिक मृत्यु पर शोक जताया.

## केएमपीएम कॉलेज में क्विज बकर्स रहा विजेता

**संवाददाता। जमशेदपुर**



जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर 'संविधान के बारे में सब कुछ' विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के लिए तीन-तीन सदस्यों के सात समूह बनाए गए थे. उन समूहों को हंकी ब्रेन्स, माइंड मार्टियंस, क्विज़ बकर्स, रेज़ न्यूटन, फैक्ट हंटर्स, क्लू डेमन्स और शर्लक होमीज़ नाम दिया गया था. प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई. इसमें पास एंड प्ले, रैपिड फायर राउंड और पिक्चर पहचानें राउंड शामिल था. कार्यक्रम के दौरान डॉ मुकेश मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी. प्रतियोगिता में क्विज बकर्स को प्रथम स्थान मिला. दूसरा स्थान शर्लक होमीज़ और तीसरा स्थान रेज न्यूटन्स को मिला. विजेताओं को पदक और प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए गए. यह कॉलेज की प्राचार्य डॉ.मीता जखनवाल ने दिये. क्विज के प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी दिए गए. कार्यक्रम का आयोजन केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से किया गया. इस आयोजन में रिया कुमारी, तुषार कुमार साहू, संस्कार कुमार, सोनल साह, तूलिका राजहंस, पवन साहू और अश्विका सिंह राजपूत की सराहनीय भूमिका रही.

**खास बातें**

- प्रतियोगिता में तीन-तीन सदस्यों के 7 समूह बनाए गए थे.
- क्विज के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए

### मांगों को लेकर मेन्स सनियन ने सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी से भेंट कर विभिन्न मांगों से सम्बंधित एक ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से यूनियन के संयोजक एमके सिंह और टाटानगर के ब्रांच अध्यक्ष एसएन शिव मौजूद थे. एसएन शिव ने बताया कि एचआरए व बिलिंग में सुधार और अनुकंपा पर नौकरी के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा गया है. कार्मिक अधिकारी ने जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है. इससे पूर्व मेंस यूनियन ने चक्रधरपुर के सहायक वाणिज्य प्रबंधक विनीत कुमार को ज्ञापन सौंपकर टाटानगर समेत ट्रेनों में जांच ड्यूटी करने वालों की परेशानी बताई थी और टीटीई रेस्ट रेस्ट रूम में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के साथ विभिन्न पद पर लंबित प्रमोशन को जल्द लागू करने पर जोर दिया था.

---

**समस्या** चांडिल वन प्रक्षेत्र अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में घूम रहा है हाथी, भयभीत ग्रामीण

## ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को भगाने की लगाई गुहार

**संवाददाता। चांडिल**



चांडिल वन प्रक्षेत्र अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में दंतैल हाथी को अकेले घूमते हुए देखा जा रहा है. अकेला हाथी धीरे-धीरे एक गांव से दूसरे गांव के क्षेत्र में जगंल, खेत, खलिहान होकर गुजर रहा है. वैसे अब तक दंतैल हाथी ने कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है. आने-जाने के दौरान सिर्फ खेतों में लगी धान और सब्जियों को अपना निवाला बना रहा है. बताया जा रहा है कि वह शारीरिक रूप से अस्वस्थ है और भोजन भी कम कर रहा है. वनकर्मी घायल हाथी की निगरानी कर रहे हैं और उसे वापस जंगल की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं. दंतैल हाथी काफी धीरे-धीरे चल रहा है और आक्रमक भी नहीं है.

**बढ़ी परेशानी**

- हाथी को जंगल में जाने का प्रयास किया जा रहा है
- फिलहाल हाथी ने कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है

**दहशत में हैं ग्रामीण**

दंतैल हाथी के गांव के आस पास घूमने पर ग्रामीण दहशत में आ गए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवर है, कब जान-माल का नुकसान पहुंचाएगा कहा नहीं जा सकता है. अच्छा होगा वन विभाग हाथी को सुरक्षित वापस जंगल पहुंचा दें. इससे हाथी के साथ ग्रामीण भी चैन से रह सकेंगे. बताया गया कि जंगली हाथी कुकड़ू की ओर से कारकीडीह होते हुए वनडीह तक पहुंचा था. बुधवार की रात को हाथी वापस कुकडू की ओर प्रस्थान कर गया है. हाथी को पहले लेटेमदा के आसपास भी देखा गया था. वन विभाग के अनुसार हाथी की उम्र करीब 55 साल होगी. हाथी को क्या तकलीफ है, विभाग को इसकी सही जानकारी नहीं है. विभाग हाथी को वापस जंगल की ओर ले जाने का प्रयास कर रहा है.

## फिल्टर प्लांट के बंद पड़े निर्माण कार्य को शुरू करने की मांग

**संवाददाता। जमशेदपुर**

बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य बंद होने की शिकायत बागबेड़ा महानगर विकास समिति ने उपायुक्त से की है. गुरुवार को समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अनुपस्थिति में उप विकास आयुक्त मनीष रंजन एवं अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा को ज्ञापन सौंपा. एसडीओ ने अभिलंब कार्रवाई करते हुए कार्यपालक अभियंता से बात करने को कहा.

कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार द्वारा फोन नहीं उठाने के बाद समिति के अध्यक्ष सुबोध झा ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ महेंद्र बैठा से बात की. महेंद्र बैठा ने कहा कि ठेकेदार ने एक दिसंबर से काम चालू करने का आश्वासन दिया है. सुबोध झा ने कहा है कि बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य अगर शुरू नहीं किया जाता है तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा.

**फिर से पैसा गबन होने की जताई आशंका :** ज्ञापन में बताया गया है कि कोर्ट के आदेश पर प्लांट का निर्माण कार्य 27 अप्रैल से चल रहा था. लेकिन अचानक से 16 सितंबर को मंत्री एवं विधायक के शिलान्यास किये जाने के बाद फिल्टर प्लांट का कार्य बंद कर दिया गया.